भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा 25–1–91 को चलाई गई स्कीम अभी भी जारी है । स्कीम के तहत ग्रामीण अतिथियों को, भारत पर्यटन विकास निगम के प्रत्येक होटल के एक विशिष्ट रेस्तरां में सप्ताह के दो दिन अर्थात् बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भोजन की थाली पर सामान्य उच्चतम कीमत की तुलना में 50% की छूट दी जाती है। यह रियायत उन्हीं ग्रामीणों को अपनी पहचान प्रमाणित करने पर दी जाती है जो संबंधित होटल के 50 कि०मी० के दायरे में रहते हैं । तथापि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में स्थित होटलों के मामले में यह रियायत देश के किसी भी हिस्से से राजधानी आने वाले ग्रामीण लोगों के लिए उपलब्ध है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) पर्यटन एवं पर्यटन आधारिक संरचना का विकास करना मुख्यत: राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है । केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को उनसे प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों पर उपलब्ध संसाधनों में से वित्तीय सहायता प्रदान करती है । राज्य सरकारों को यह सहायता पर्यटक अभिरूचि के स्थानों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई गई है ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों लोगों को इन स्थानों की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके ।

सवाई माधोपुर के लिए विमान सेवा

2173. **डा० अबरार अहमद** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में जिला मुख्यालयों सहित ऐसे कौन-कौन से स्थान हैं जहां हवाई अड्डा तो है परन्तु विमान-सेवा नहीं हैं तथा वहां विमान-सेवा न होने के क्या कारण हैं तथा ये हवाई अड्डे कब से काम करना आरंभ कर देंगे ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान में सवाई माधोपुर में हवाई अड्डा तो है परन्तु वहां के लिए कोई विमान-सेवा नहीं है यद्यपि वहां रणथम्बौर बांध परियोजना तथा प्रसिद्ध किला और गणेश मंदिर स्थित हैं ; और

(ग) नई विमान सेवाएं आरंभ करने के सरकार के मानदण्ड क्या हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) जी, हां ।

(ग) स्थान की यातायात संभावना, विमानक्षमता और अन्य आधार संरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता ऐसे मानदंड हैं, जिनके आधार पर नई विमान सेवाएं शुरु की जाती हैं ।

Closure of Madras airport for visitors

2474. SHRI SURESH KALMADI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the domestic and International terminals of Madras Airport were closed to visitors on November 26, 1991 ; and

(b) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA) : (a) Yes, Sir. ...

(b) This was done as a precautionary security measure, in view of a threat to blow up the airport.

Memorandum of understanding' between Indian Airlines and Government

2475. SHRI SURESH KALMADI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact tht a "Memorandum of Understanding" between Indian Airlines and Ministry for the year 1991-92 has recently been released;